**SINDHI HIGH SCHOOL, BENGALURU**
**ANNUAL EXAMINATION [2025-26]**
**SUBJECT: ADDITIONAL HINDI**

| | |
|---|---|
| **Name: ______________________** | **Max Marks:40** |
| **Roll No : ____** | **Date: 25-03- 2026** |
| **Class: 3 Sec: _______** | **Reading Time: 15 minutes** |
| **No of Sides: 4** | **Writing Time: 2 hours** |

**निर्देश:**

- **इस प्रश्न पत्र के तीन खंड हैं – क, ख और ग।**
- **खंड क – अपठित गद्यांश – 5 अंक**
  **– पठित गद्यांश – 5 अंक**
- **खंड ख – व्याकरण – 15 अंक**
- **खंड ख – पाठ्य पुस्तक – 15 अंक**

## खंड – क

**I. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाइए:-** (1x5=5)

किसी जंगल में एक सुनहरी चिड़िया रहती थी। उसके पंख सोने के जैसे थे। जंगल के सारे पशु-पक्षी उसे बहुत प्यार करते थे। इस लाड़-प्यार से वह घमंडी हो गई और एक दिन आकाश में उड़ते-उड़ते बहुत ऊँची चली गई और सूरज के पास आ गई। उसका सारा शरीर जलने लगा। वह दर्द से चिल्लाने लगी और एक साधु की कुटिया में जा गिरी। साधु ने उसे उठा लिया और उसकी खूब सेवा की।

i) जंगल में कौन रहता था?

क) बंदर ख) सुनहरी चिड़िया ग) हाथी

ii) चिड़िया के पंख कैसे थे?

क) मुलायम ख) सख्त ग) सोने के जैसे

iii) चिड़िया उड़ते -उड़ते कहाँ जा पहुँची?

क) सूरज के पास ख) नदी के पास ग) तालाब के पास

iv) किसने चिड़िया की सेवा की?

क) बच्चों ने ख) साधु ने ग) डाक्टर ने

v) लाड़-प्यार से चिड़िया क्या हो गई?

क) खुश हो गई ख) घमंडी हो गई ग) नाराज़ हो गई

**II. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाइए:-** (1x5=5)

मेले में पहुँचकर चारों मित्र- करीम, चंदू, निक्कू और विक्टर झूले में खूब झूले और खाया-पिया। एक दुकान से कुछ पौधे खरीदकर वे लौट आए। घर पहुँचकर उन्होंने अपने माता-पिता को सारी बात बताई। दूसरी सुबह एक टैंपों में चारों बच्चे खाद-पानी लादे निकल पड़े। बच्चों ने सड़क के किनारे पौधे लगाए।

i) झूले में कौन-कौन झूले?

क) चारों मित्र  ख) भाई और बहन  ग) माता और पिता

ii) एक दुकान से वे क्या खरीदकर लौट आए?

क) 5 गमले  ख) कुछ पौधे  ग) कुछ मिठाइयाँ

iii) मित्रों ने किसे सारी बात बताई?

क) अपने मित्रों को  ख) अपने माता-पिता को  ग) अपने नाना-नानी को

iv) टैंपों में चारों बच्चे क्या लादे निकल पड़े?

क) खाद – पानी  ख) फूल  ग) पेड़

v) बच्चों ने सड़क के ________ पौधे लगाए ।

## खंड – ख

**III. जोड़े बनाइए : -** (½ x 6=3)

| | क | ख |
|---|---|---|
| i) | सफ़र | आहार |
| ii) | अवकाश | विनती |
| iii) | प्रार्थना | ठीक |
| iv) | भोजन | यात्रा |
| v) | उचित | तन |
| vi) | शरीर | छुट्टी |

**IV. पर्यायवाची शब्द लिखिए : -** (1 x 4=4)

i) मित्र ________ ________
ii) पक्षी ________ ________
iii) खत्म ________ ________
iv) डाल ________ ________

**V. लिंग बदलिए : -** (½ x 6=3)

i) रानी ________
ii) बालिका ________
iii) पुत्र ________
iv) कौवी ________
v) मादा कोयल ________
vi) औरत ________

**VI. शब्दों को शुद्ध करके लिखिए:-** (½ x 6=3)

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| i) सब्ज़ि | ________ |
| ii) सरिर | ________ |
| iii) पेदल | ________ |
| iv) मूँह | ________ |
| v) चाबल | ________ |
| vi) मिठाइ | ________ |

**VII. विलोम शब्द लिखिए :-** (1/2 x 4=2)

i) पसंद x ________
ii) पोषण x ________
iii) समय x ________
iv) फ़ायदा x ________

## खंड – ग

**VIII. प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓)का निशान लगाइए:-** (1/2 x 6=3)

i) बच्चे लंच – ब्रेक में कहाँ बैठे थे?

क) भोजन-कक्ष में ख) घर में ग) पार्क में

ii) पक्षी अपने घोंसलों से किस समय निकलते हैं?

क) सुबह ख) दोपहर ग) रात

iii) सूत किससे बनता है?

क) कपड़ों से ख) कपास से ग) डोरी से

iv) गाने का शौक किसे है?

क) कौए को ख) नर कोयल को ग) मादा कोयल को

v) किसे ऋतुओं का राजा कहा जाता है?

क) बसंत को ख) ग्रीष्म को ग) वर्षा को

vi) प्रोटीन और विटामिन इनमें से किसमें नहीं होते?

क) फ़ास्ट फ़ूड में ख) दाल और सब्ज़ी में ग) दूध और फल में

**IX. खाली स्थान भरिए:-** (1/2 x 6=3)

i) कपास ________ से उगती है।
ii) सारी ________ शक्कर से बनती हैं।
iii) रात के समय बच्चे बड़ों से ________ सुनते हैं।
iv) शाम के समय बच्चे ________ जाते हैं।
v) ________ कोयल की जाति का एक पक्षी है।
vi) मम्मी- पापा ________ से शाम के समय घर लौटते हैं।

**X. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए : -** (1/2 x 6= 3)

i) कोयल को गाने का शौक नहीं है। ☐

ii) फ़ास्ट-फ़ूड जल्दी तैयार हो जाते हैं। ☐

iii) कोयल के अंडे सफ़ेद रंग के होते हैं। ☐

iv) हमें भरपूर मात्रा में पानी पीना चाहिए। ☐

v) सुबह के समय हवा ताज़ी होती है। ☐

vi) मित्र की पत्नी ने कपड़ों के बदले एक थैली दे दी। ☐

**XI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: -** (1 x 6=6)

i) बसंत ऋतु में खेतों में किसके पीले फूल खिलते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

ii) कोयल कौन-से महीने में अंडे देती हैं?

______________________________________________

______________________________________________

iii) फ़ास्ट-फ़ूड में किसकी मात्रा ज़्यादा होती है?

______________________________________________

______________________________________________

iv) बच्चे सुंदर सपने किस समय देखते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

v) कंजूस को अपने घर आने का बुलावा किसने भेजा था?

______________________________________________

______________________________________________

vi) रश्मि की मम्मी कैसा भोजन करने की सलाह देती है?

______________________________________________

______________________________________________

*******************************************************************************